**एसईसी-1/187(2)/2025/2269** **दिनांक : 8 मई, 2025**

| | |
|---|---|
| लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-४०० ०५१ | कॉपोरेट संबंध विभाग बीएसई लिमिटेड पहली मंजिल, फीरोज जीजीभोय टावर्स दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई - ४०० ००१ |
| स्क्रिप कोड-**REC LTD** | स्क्रिप कोड-**532955** |
| Listing Department National Stock Exchange of India Limited Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex, Bandra (East). Mumbai-400.051. | **Corporate Relationship Department** BSE Limited 1" Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers Dalal Street, Fort, Mumbai-400.001. |
| **Scrip Code-RECLTD** | **Scrip Code-532955** |

**विषय: 8 मई, 2025 को आयोजित बोर्ड बैठक का परिणाम।**

महोदय / महोदया,

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के विनियम 30 और अन्य लागू विनियमों के साथ पठित अनुसूची III के प्रावधानों के अनुपालन में, यह सूचित किया जाता है कि आरईसी लिमिटेड ("आरईसी"/"कंपनी") के निदेशक मंडल ने 8 मई, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में, अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित पर विचार किया और उन्हें अनुमोदित किया है:

1. 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए कंपनी के **लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (एकल एवं समेकित)।**
   इसके अतिरिक्त, सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 33(3)(घ) के अनुसरण में, एतद्द्वारा यह घोषित किया जाता है कि कंपनी के संयुक्त सांविधिक लेखापरीक्षकों ने एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों पर अपरिवर्तित राय के साथ लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की है। 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (एकल एवं समेकित), 31 मार्च, 2025 तक की आस्तियों और देयताओं का विवरण, उन पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट और अन्य आवश्यक प्रकटीकरण, **अनुलग्नक-1** के रूप में इसके साथ संलग्न हैं।
2. 31 मार्च, 2025 को समाप्त अवधि के लिए **विशेष प्रयोजन वित्तीय विवरण (एकल एवं समेकित)**। इन्हें कंपनी और इसकी धारक कंपनी के ग्लोबल मीडियम टर्म नोट (जीएमटीएन) कार्यक्रम के अद्यतन हेतु वित्तीय जानकारी शामिल करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। विशेष प्रयोजन वित्तीय विवरणों की एक प्रति और उन पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट भी **अनुलग्नक-2** के रूप में इसके साथ संलग्न हैं।
3. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ₹10/- प्रत्येक के अंकित मूल्य वाले प्रति इक्विटि शेयर पर ₹2.60/- (दो रुपये साठ पैसे केवलके ( **अंतिम लाभांश की सिफारिश**, जो आगामी वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है। यह वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान चार किस्तों में पहले ही घोषित ₹15.40/- प्रति इक्विटि शेयर के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है, जिससे वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ₹10/- प्रत्येक के अंकित मूल्य पर कुल लाभांश ₹18/- प्रति इक्विटि शेयर हो जाता है।

   वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ₹2.60 प्रति अंश का पूर्वोक्त अंतिम लाभांश, यदि आगामी वार्षिक आम बैठक में घोषित किया जाता है, तो आगामी वार्षिक आम बैठक में घोषणा की तिथि से 30 दिनों के भीतर अंशधारकों को उसका भुगतान किया जाएगा।

4. नवीकरणीय ऊर्जा / अन्य विद्युत एवं अवसंरचना परियोजनाओं आदि के **संयुक्त विकास** के लिए, आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड ("आरईसीपीडीसीएल" - आरईसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) और भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के बीच 50:50 के शेयरधारिता अनुपात में एक संयुक्त उद्यम का गठन, जो आवश्यकतानुसार सांविधिक/प्रशासनिक प्राधिकरणों की आवश्यक अनापत्ति/सहमति/अनुमोदन के अधीन है।
5. सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 7 की आवश्यकता के अनुसार, आरईसी, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड [पूर्व कुलसचिव एवं शेयर हस्तांतरण अभिकर्ता] और अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (नए कुलसचिव एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट) के बीच संपन्न हुए त्रिपक्षीय समझौते को संज्ञान में लिया गया।

बोर्ड की बैठक प्रातः 11:00 बजे प्रारंभ हुई और अपराह्न 3:40 बजे संपन्न हुई।

यह आपकी जानकारी के लिए है।
धन्यवाद,

Jyoti Shubhra

**(जे. एस. अमिताभ)**
**कार्यकारी निदेशक और कंपनी सचिव**

संलग्न : ऊपरोक्त अनुसार